**Headline**

1. मध्यप्रदेश के वल्लभ भवन में लगी आग, दस्तावेज जलकर हुए खाक, सीएम ने दिए जांच के आदेश
2. Canada: खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या का वीडियो आया सामने, इसी मामले में बिगड़े भारत-कनाडा के संबंध


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 238 | इंदौर, शनिवार 09 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा झटका



## पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल भाजपा में शामिल

### पूर्व सांसद सुरेश पचौरी व गजेंद्र सिंह समेत अनेक दिग्गज नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव में करारी पराजय से पस्त कांग्रेस पार्टी को भाजपा संभलने का कोई मौका न देते हुए लगातार झटके पर झटके दे रही है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद से जहां कांग्रेस में भगदड़ मची है, वहीं भाजपा बाहें पसारकर कांग्रेस छोड़कर आने वाले नेताओं का स्वागत कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को भाजपा ने प्रदेश में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका दिया। कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं समेत कुछ अन्य नेताओं ने भाजपा का दामन थामने जा रहे हैं। इनमें एक नाम केंद्र सरकार में मंत्री रहे और मप्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पचौरी का है। दूसरे नेता गजेंद्र सिंह हैं, जो धार से सांसद रहे हैं। उन्होंने चुनाव के समय टिकट न मिलने पर नाराजगी जताई थी। पार्टी छोड़ने की बात आई थी पर वरिष्ठ नेताओं ने तब मना लिया था। इसके अलावा पूर्व विधायक संजय शुक्ला, पूर्व विधायक विशाल पटेल, अर्जुन पलिया, एनएसयूआए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अतुल शर्मा, भोपाल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष रहे कैलाश मिश्रा, अर्जुन पलिया, डॉ आलोक चंसोरिया ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।



**इन्होंने दिलाई सदस्यता**

मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद हैं।

**आगे-आगे राहुल, पीछे कांग्रेस साफ हो रही - सीएम मोहन**

इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव कांग्रेस में मची भगदड़ को लेकर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। उन्होंने कहा कि अब तो आलम यह है कि आगे-आगे राहुल गांधी जा रहे हैं और पीछे से कांग्रेस साफ हो रही है।

## कांग्रेस खत्म होने की कगार पर - शिवराज

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कार्यालय के बाहर मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान कहा कि कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए और नए राजनीतिक दल बने, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता के स्वार्थ के कारण कांग्रेस को भंग नहीं होने दिया और आंदोलन का लाभ उठाया। अब राहुल गांधी महात्मा गांधी के सुझाव के अनुसार कांग्रेस को पूरी तरह खत्म करके ही चैन की सांस लेंगे। कांग्रेस के सारे अच्छे नेता पार्टी के दिशाहीन नेतृत्व से थक चुके हैं। कांग्रेस खत्म होने की कगार पर है।



### →कांग्रेस डूबती हुई नैया - गिरिराज सिंह

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी और संजय शुक्ला के भाजपा में शामिल होने पर केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब डूबती हुई नैया है और डूबती नैया पर कौन बैठेगा। इसलिए सब भाग रहे हैं। महाराष्ट्र में भी दो बड़े नेता चले गए। हर जगह से भाग रहे हैं। पतवार जिसके हाथ में है, उस पर कांग्रेस के लोगों को भरोसा नहीं है।

### →सुरेश पचौरी राजनीति के संत - वीडी शर्मा

मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि सुरेश पचौरी मध्य प्रदेश में कांग्रेस के राजनीति के संत हैं। ऐसे व्यक्ति का कांग्रेस में स्थान नहीं है, इसलिए उनको लगा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जाकर कुछ काम करने की जरूरत है। आज वे भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### →भाजपा का काम पसंद, इसलिए जुड़ रहे - विजयवर्गीय

प्रदेश शासन में मंत्री व भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर निकले हैं। कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता समझ रहे हैं कि देश के साथ कोई न्याय कर रहा है तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। बहुत से लोग भाजपा के काम को पसंद कर रहे हैं और वे भाजपा में आ रहे हैं।

### →शुक्ला बोले- परिवार में लौट आया

भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने एक बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि वे अपने परिवार में लौट आए हैं। भाजपा मेरा परिवार है। शुक्ला ने कहा कि मुझे उस वक्त बहुत बुरा लगा, जब राम मंदिर का आमंत्रण कांग्रेस ने ठुकराया था। अब मैं भाजपा में रहकर जनता की सेवा करूंगा।

# विकास कार्यों के लिए विधायक और सांसदों को पैसे आवंटित

## सांसद शंकर लालवानी ने तीन सुझाव स्कूलों के निर्माण से संबंधित विभाग को भेजे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्य प्रदेश में विकासकार्यों को बेहतर तरीके से जमीन पर उतारा जा सके, इसको लेकर एमपी सरकार की तरफ से एक प्लान तैयार किया गया था। जिसमें जन प्रतिनिधियों से अपने इलाके में विकासकार्यों की रोड मैप बनाने के लिए कहा गया था। जिसको लेकर सरकार की तरह से ये तय किया गया था कि विधायक और सांसदों को अपने इलाके में विकास के लिए 15 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। सरकार के निर्देश के बाद विधायक और सांसदों ने भी सुझाव भेज दिए हैं। अब जिस-जिस विभाग के विधायक और सांसदों ने काम दिए हैं उन विभागों की तरफ से बजट आवंटित किया जा रहा है। इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने तीन सुझाव स्कूलों के निर्माण से संबंधित विभाग को भेजे।

करीब 16 साल तक मध्यप्रदेश का मुखिया रहने वाले शिवराज सिंह चौहान अपने क्षेत्र में विकास करने के लिए सबसे आगे हैं। शिवराज सिंह ने करीब 20 प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग से सिफारिश की है। मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से दिए गए सुझावों पर बजट जारी कर दिया है।

### सीएम ने 8 प्रोजेक्ट की सूची भेजी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 8 प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए सूची भेजी है। जबकि भोपाल से विधायक बने भगवान दास सबनानी ने उत्कृष्ट बाल विद्या मंदिर में एक अतिरिक्त कमरा बनवाने के लिए प्रस्ताव भेजा है। शिक्षा विभाग की तरफ से जो बजट आवंटित किया गया है, उसमें एक दिलचस्प मामला भी है। टिकट कटने के बाद भी दो सांसदों ने क्षेत्र में विकास कराने की दिलचस्पी दिखाई है।

### लालवानी ने भी विकास कार्य की सूची विभाग को भेजी

भले ही भोपाल इंदौर सांसद का टिकट कट गया है, लेकिन शंकर लालवानी और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने तीन-तीन सुझाव स्कूलों के निर्माण से संबंधित विभाग को भेजे हैं। राज्य सरकार ने विधायक को सांसदों दोनों को ही कहा था कि 15 करोड़ रुपए तक के विकास कार्य क्षेत्र में कराए जा सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के पास सबसे अधिक प्रस्ताव पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा विधायकों ने ही विकास कार्य के लिए प्रस्ताव भेजा है।

## पिछड़ी बस्ती की महिलाओं का किया सम्मान

**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खुशहाली सेवा संस्थान एवं मानव अधिकार एक्शन फोरम की ओर से सुदामा नगर 60 फीट रोड क्षेत्र के पिछड़ी तबके की महिलाओं का किया सम्मान। संस्था अध्यक्ष डॉक्टर श्वेता चौधरी ने कहा की सभी सामान्य व प्रसिद्ध महिलाओं का सम्मान तो सब लोग करते हैं लेकिन घर - घर साफ सफाई करने वाली महिलाओं का सम्मान कोई नहीं करता, उन्हें भी सम्मान मिलने का पूरा अधिकार है। इसी तारतम्य में संस्था की सदस्य श्रीमती संगीता मोरे एवं श्रीमती ज्योति सोनी द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति प्रेरित किया गया। 21 महिलाओं महिलाओं को मोती की माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें स्वल्पाहार कराया गया व राशन का सामान वितरित किया गया। उन महिलाओं को आजीविका हेतु संस्था सदस्यों द्वारा फिनायल बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। कम लागत में फिनायल बनाकर महिलाएं अपनी आजीविका चला सकती हैं। सभी महिलाएं सम्मान पाकर बहुत प्रसन्न हुई और उन्हें गर्व महसूस हुआ कि वह भी सम्मान की हकदार हैं।

## इंदौर प्रेस क्लब में मना महाशिवरात्रि पर्व

**इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब परिसर में स्थित बिलपित्रेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भगवान भोलेनाथ के साथ शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया गया। महापर्व पर पं. धीरेंद्र राजौरिया ने शिव आराधना के साथ विधि विधान से पूजन करवाया। महाआरती में प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी, महासचिव हेमंत शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, दीपक कर्दम, कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कार्यकारिणी सदस्य राहुल वावीकर, प्रवीण बरनाले, मुकेश तिवारी, अर्पण जैन, राजेंद्र कोपरगांवकर, दीपक यादव, गिरधर नागर, अनिल यादव, शैलेश पाठक, कमलेश सेन, बालकृष्ण मुले, प्रकाश तिवारी, उमेश सेन, धर्मेंद्र खटके, रवि वर्मा, राजकुमार वर्मा, बंटी गुंजाल, विजय भट्ट, आशीष तिवारी सहित मीडिया के कई साथी शामिल हुए। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

### इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो शुरू

## विजयवर्गीय बोले; उद्योगों में इंदौर में बहुत स्कोप, देश में ढाई गुना बढ़ा है एक्सपोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो में 350 स्टॉलों पर रॉ मटेरियल, पाट्स आदि भी होंगे। शुभारंभ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने किया। एक्सपो 4 दिन तक रहेगा। इसमें बड़े मशीन निर्माताओं के इंदौर आने से विजिटर्स को मशीनों का लाइव डेमो देखने का मौका मिलेगा। लाभ गंगा गार्डन में आयोजित एक्सपो का आयोजन इंडियन प्लास्ट पैक फोरम, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मप्र (अकटढ) और बीएनआई द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो में मुख्य रूप से बड़े मशीन निर्माता और कंपनियां अपने प्रॉडक्ट्स का प्रदर्शन करेंगी। उद्योगपतियों से चर्चा, सम्मान समारोह और टॉक शो आदि का आयोजन भी किया जाएगा। मप्र के सभी प्रमुख शहरों में ब्रांडिंग और रोड शो के माध्यम से उद्योगपतियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में मुंबई, दिल्ली सहित सभी महानगरों से बड़े उद्योग समूह और निर्माता शामिल होंगे। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर में उद्योगों को लेकर बहुत स्कोप है। देश में बीते सालों में ढाई गुना एक्सपोर्ट बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी मंशा है कि देश में ज्यादा से ज्यादा एक्सपोर्ट हो। उन्होंने कहा कि अगले पांच में साल इंदौर में एक्सपो सेंटर बनाया जाएगा। इंडियन प्लास्ट पैक फोरम के अध्यक्ष सचिन बंसल ने बताया कि मध्य प्रदेश सहित छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, और उत्तर प्रदेश से भी उद्योगपति भाग लेंगे।

# 30 से ज्यादा गुमटी हटाई, कई पक्के निर्माण जेसीबी की मदद से तोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर नगर निगम के द्वारा सांवेर रोड पर बड़ी कार्रवाई की गई है । इस कार्रवाई के तहत इस सडक से 30 से ज्यादा गुमटी हटाई गई है । कई पक्के निर्माण जेसीबी की मदद से तोड़े गए हैं । निगम के झोन क्रमांक 17 के अंतर्गत उज्जैन रोड दीपमाला ढाबा चौराहे के विकास कार्य में बाधक निर्माण हटाए गए है । इंदौर विकास योजना - 2021 में इस क्षेत्र में 75.00 मी. चौड़ाई में सडक का प्रावधान है ।**

सांवेर रोड इंडस्ट्रियल एरिया के सेक्टर एफ में स्थित जय गोपाला तौल कांटा, गोरानी इंडस्ट्रीज, सिंघानिया इंडस्ट्री व सेक्टर ई दीपमाला ढाबा शिवानी फूड्स,सांवरिया दूध डेयरी, रीसाइक्लिंग वेस्ट फैक्टरी के द्वारा बिना अनुमति के अवैध निर्माण किया गया था । इस निर्माण को नगर निगम की टीम के द्वारा जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। निगम की ओर से इन सभी उद्योग के संचालकों को पहले से ही इस बात की सूचना दे दी गई थी कि आपके द्वारा अवैध निर्माण किया गया है। इन सभी से कहा गया था कि आप खुद ही अपने अवैध निर्माण को हटा लो। इसके बावजूद जब उद्योगपतियों के द्वारा अपने अवैध निर्माण हटाने में रुचि नहीं ली गई तो निगम ने जेसीबी की मदद से यह निर्माण तोड़ दिए। निगम की टीम जब कार्रवाई करने के लिए पहुंची तब उद्योगों के द्वारा अपने निर्माण हटाने के लिए समय मांगा गया। निगम की टीम के द्वारा समय देने से इनकार करते हुए तत्काल कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

इसके साथ ही सावर रोड के औद्योगिक क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट व इंडस्ट्रियल सेक्टर रोड में अवैध रूप से लगाई गई लगभग 30 गुमटिया हटने की कार्यवाही की गई। इन सभी गुमटी को हटाकर निगम के द्वारा जप्त कर लिया गया। ध्यान रहे कि पिछले दिनों ही नगर निगम के द्वारा इस क्षेत्र के विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। यह मंजूरी क्षेत्र के विधायक रमेश मेंदोला की पहल पर दी गई थी। अब निगम के द्वारा यह कार्रवाई किए जाने के साथ ही मंजूर किए गए विकास के प्रस्ताव के अनुसार कार्य किए जाने का रास्ता साफ हो गया है।

## भोलेनाथ की भक्ति में रमे व्यापारी, 551 लीटर ठंडाई व खिचड़ी का किया वितरण

**इंदौर।** इंदौर में होलकरकालीन प्राचीन राजबाड़ा स्थित जबरेश्वर महादेव मंदिर पर इंदौर रिटेल गारमेन्ट्स एसोसिएशन ने महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की प्रतिकृति में 21 किलो भांग ओर 11 क्विंटल साबूदाना ड्रायफ्रूट से निर्मित खिचड़ी महाभोग प्रसादी का वितरण किया। इंदौर रिटेल गारमेन्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि हर वर्ष की तरह भगवान शिव की बारात लेकर यशोदा माता मंदिर रोड़ से जय श्री महाकाल के जय उद्घोष के साथ व्यापारी निकले और सराफा चौराहे से इमामबाड़ा होते हुए जबरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। भोग प्रसादी के लाभार्थी दीपक पंवार थे। भोलेनाथ की बारात में राजेश जैन, सूर्य पंवार, रवि गुप्ता, रूपेश बोहरा, मिलन जैन, शिवा, रविराज, जय पंवार, ललित जैन, विक्की संजोग, चेतन कार्दा, शेलेन्द्र दुबे सहित अनेक व्यापारी शामिल हुए।

कटाक्ष




# नाक की खूबसूरती बढ़ाने में महिलाओं की तुलना में पुरुष आगे

## राइनोप्लास्टी सर्जन की दो दिवसीय कांफ्रेंस में देश भर से आए एक्सपर्ट्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । राइनोप्लास्टी सर्जन की दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस इंदौर में शुरू हुई । इस कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए देश के कई शहरों के राइनोप्लास्टी सर्जन इंदौर आए हुए हैं । जो नाक की सर्जरी के उन्नत एवं सुरक्षित तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं।**

एसोसिएशन ऑफ राइनोप्लास्टी सर्जन की कॉन्फ्रेंस का आयोजन होटल श्रीमाया रेसिडेंसी में किया जा रहा है । दो दिनों तक चलने वाली इस कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए दिल्ली , मुंबई , चेन्नई , वडोदरा , अहमदाबाद हैदराबाद , पुणे जैसे शहरों के साथ ही मलेशिया से जाने माने ईएनटी सर्जन इंदौर आए हैं । कार्यक्रम का शुभारंभ जाने-माने ईएनटी सर्जन , डॉ संजय अग्रवाल , डॉ गुणवंत यशलहा , डॉ राजीव मानधुने, डॉ एस पी दुबे , डॉ ओमकार देशमुख की मौजूदगी में हुआ।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ हिना बक्शी ने कहा कि सेल्फी के युग में लोग अपने फोटो वीडियो को लेकर काफी कॉन्सेस हैं यही कारण है कि वह अपने नाक को खूबसूरत बनाए रखने के लिए सर्जरी करवा रहे हैं। खूबसूरत दिखने के लिए नाक की सर्जरी करने का चलन तेजी से बड़ा है इसमें महिलाओं से ज्यादा पुरुष रुचि दिखा रहे हैं हर साल देश में लाखों सर्जरी हो रही है। इसके साथ ही एक्सीडेंट के कारण और नाक के फंक्शन में आई विसंगति को दूर करने के लिए भी बड़ी संख्या में राइनोप्लास्टी सर्जरी की जाती है ।

इस दो दिवसीय कांफ्रेंस के दौरान देशभर से आए ई एन टी सर्जन अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही अनुभव के आधार पर नाक की सर्जरी के उन्नत एवं सुरक्षित तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं ताकि लोगों की खूबसूरती बनी रहे एवं वह निर्बाध रूप से सांस ले सकें।

# युवकों को होटल में बंद कर पीटा

## पिस्टल भी दिखाई, कांच फूटने को लेकर हुआ था विवाद,मैनेजर सहित पांच पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया इलाके की एक होटल में कांच फूटने के दौरान जमकर विवाद हुआ। बथर्ड पार्टी कर रहे युवक ओर उसके दोस्तो के साथ जमकर मारपीट की गई। इस दौरान एक युवक को होटल के कमरे में बंद कर दिया। डर के चलते वह पहली मंजिल से कूद गया। जिसमें उसका पैर फैक्चर हो गया। पुलिस ने इस मामले में होटल के मैनेजर सहित पांच लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

लसूडिया पुलिस के मुताबिक कुणाल पटेल निवासी गौरीनगर की शिकायत पर दीपक,जैकेश,शिवम,गगन ठाकुर ओर निखील के खिलाफ हत्या का भय बताने,कमरे में बंद कर मारपीट करने ओर अवैध हथियारो से डराकर लट्?ठ ओर लकड़ी के डंडो से मारपीट करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। कुणाल ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके दोस्त कुणाल राजपूत का जन्मदिन था। जिसमें होटल सेफरान स्कीम नंबर 112 में पार्टी आयोजित की गई। पार्टी में नाचने के दौरान दोस्त सुमित चौरसिया के हाथ से कमरे में लगा काच टूट गया। जिसमें आरोपियों ने कांच के रूपये मांगे। इसके बाद विवाद बढ़ा।

आरोपियों ने सुमित और उसके दोस्तो को सब्बल,प्लास्टिक के पाईप,लकड़ी के डंडे ओर बेल्ट से मारना शुरू कर दिया। तभी दीपक ओर शिवम ने काउंटर से अंदर से पिस्टल निकालकर डराया। सुमित को मारपीट के दौरान रूपये बुलवाने का कहां ओर किचन के कमरे में बंद कर दिया। सुमित को इतना डराया कि वह पहली मंजिल से कूद गया। इस दौरान उसका एक पैर फैक्चर हो गया। बाद में सुमित को उपचार के लिये अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### करने वाले थे पुलिस में झूठी शिकायत

जानकारी के मुताबिक होटल में सुमित ओर उसके साथी कुणाल के साथ मारपीट के बाद दोनो को बंद कर होटल के कर्मचारी उन्हें झूठे केस में फंसाने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इसी बीच सुमित उपर से कूद गया। जिसमें नजदीक की बिल्ड़ीग की गार्ड ने होटल पर सूचना की। जब उन्होंने वहां सुमित को घायल देखा तो उसके परिवार के लोगो को बुलाकर नशे में गिरने की बात की। परिवार के लोग उसे अस्पताल ले गए। इधर पुलिस के पास जानकारी पहुंची। टीआई तारेश सोनी ने मामले की सच्चाई पता करने के लिये होटल में पार्टी मनाने गए युवकों से जानकारी निकाली तो विवाद की सही वजह सामने आई।

### रुपए देने को थे राजी

पुलिस के मुताबिक जो कांच कमरे में फूटा। उसकी कीमत करीब 7 हजार रूपये थी। होटल के मैनेजर ओर कर्मचारियों से बात कर उन्होंने रूपये देने की बात भी कर ली। लेकिन जब पीड़ित के दो दोस्त होटल से चले गए तो कमरे में बचे दोनो लडक़ो के साथ कर्मचारियों ने अलग अलग मारपीट की। इसके बाद सुमित को कमरे में बंद किया गया।

# रंगे हाथों पकड़ाया चोर

## →रहवासियों ने की जमकर पिटाई, पुलिस को सौंपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू की कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सुतार खेड़ी स्थित गिरनार-2 कॉलोनी में गुरुवार देर रात एक चोर को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा लिया गया। चोर जिस वक्त चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। उस वक्त परिवार के लोग भी घर जा पहुंचे। इस दौरान चोर घबराते हुए घर से भागने लगा तो रहवासियों ने पकड़ कर चोर की पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार गिरनार-2 कॉलोनी में दीपक वर्मा का घर है। दीपक और उनका परिवार गुरुवार रात को पास में ही स्थित श्री राम नगर गए हुए थे। जब रात में वह अपने घर पहुंचे तो देखा घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो एक युवक अलमारी में से चोरी कर रहा था।

जैसे ही उसकी नजर हमारे पर पड़ी तो वह भागने का प्रयास करने लगा। तभी आसपास के लोगों ने उसे घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। घर में से चोर ने एक चांदी की पाइजब और लैपटॉप चूरा लिए थे। कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया आरोपी चोर का नाम विनोद ठाकुर है, जो राऊ का रहने वाला है। राऊ थाने में आरोपी के खिलाफ चोरी के कई मुकदमे भी दर्ज फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# वृद्धा को नकली पुलिस ने लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पालासिया थाना क्षेत्र में बदमाशों ने वृद्धा से जेवर ऐंठ लिए। बदमाशों ने खुद को पुलिस बताया और कहा कि आगे बड़ी घटना हो गई है। बदमाश हाथ की सफ़ाई दिखाते हुए आभूषण ले गए। पुलिस ने केस दर्ज किया है। घटना अपोलो एनक्लेव के पास की है। 62 वर्षीय हंसा मिलन जैन ने रिपोर्ट लिखवाई है। हंसा के मुताबिक़, बदमाशों ने चैकिंग के बहाने रोका था। उस वक्त रिलायंस फ्रेश जा रही थी। चार बदमाशों ने उन्हें रोका और कहा, आगे लूटपाट हो रही है। उन्होंने कंगन और चेन उतरवा ली। आरोपियों में बैग में ज़ेवर रखवाए और लेकर भाग गए। टीआई जेपी जमरे के मुताबिक़, घटनास्थल और आसपास से सीसीटीवी फ़ुटेज निकाल रहे है। वारदात में ईरानी गैंग का हाथ लग रहा है।

# लंदन विला डकैती के मुख्य आरोपी की अब फिर जंगलों में तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लंदन विला डकैती के मुख्य आरोपी सोमला को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में जमानत दी थी। इस आदेश ने पुलिस के लापरवाहीपूर्ण रवैये को उजागर किया। अपनी गलती सुधारने पुलिस ने एक बार फिर कोर्ट में आवेदन पेश किया। केस में धाराएं बढ़ाने, आरोपी के मप्र के कई जिलों और अन्य प्रदेशों में आपराधिक रिकॉर्ड होने की बात कही। आरोपी के वकील और शासन की तरफ से कोर्ट में तर्क हुए, इसके बाद कोर्ट ने जमानत निरस्त कर गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। इधर, भनक लगते ही सोमला फरार हो गया, उसके घर पर कोई नहीं मिला। अब अन्य स्थानों के साथ पुलिस अलीराजपुर व आसपास के जंगलों में आरोपी की तलाश में लगी हुई है।

लंदन विला में पेट्रोलियम कंपनी के डिपो मैनेजर के घर हुई डकैती के मामले में काफी प्रयास के बाद सोमला को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मंगलवार को कोर्ट ने केस में आरोपी सोमला पिता बदन सिंह निवासी बड़ी कदवाल, अलीराजपुर को जमानत पर छोड़ दिया था। इसमें पुलिस की लापरवाही और कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने की बात सामने आई थी। एडीपीओ केजी शर्मा के मुताबिक पुलिस ने विवेचना के दौरान केस में धारा 395 व 397 (डकैती केस में लगने वाली धारा) का इजाफा किया।

कोर्ट में सोमला की जमानत निरस्त होने और गिरफ्तारी वारंट जारी होने की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। सोमला के परिवार से किसी तरह फोन पर संपर्क किया। जैसे ही सोमला के बारे में पूछा तो वहां से किसी महिला ने जवाब दिया कि... वो तो भागी गियो। अब परिवार का फोन नंबर भी बंद आ रहा है।

### किराए पर लेकर डीजे सिस्टम गायब

**इंदौर।** एक युवक ने डीजे सिस्टम किराए पर लिया और बाद में ना तो पैसा दिया ना ही डीजे सिस्टम लौटाया अब आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया गया। बडगोंदा थाने में फरियादी प्रेम पिता मनोहर इंगरिया निवासी चौरडिया की शिकायत पर आरोपी लकी निवासी ग्राम कोदरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। प्रेम ने पुलिस को बताया कि आरोपी लकी ने डीजे सिस्टम किराए पर लिया था। करीब 6 माह हो गए वह डीजे सिस्टम नहीं लौटाया। डीजे सिस्टम की कीमत 85 हजार है, जबकि किराया भी 60 हजार से ज्यादा हो गया। फरियादी ने कई बार डीजे सिस्टम लौटाने को कहा लेकिन आरोपी ने नहीं दिया इसके बाद पीडित ने पुलिस की शरण ली है।

# जागरूक नागरिक ने दी सूचना, तीन घंटे में ही पकड़ाया आरोपी

## →जागरूक नागरिक ने दी सूचना, तीन घंटे में ही पकड़ाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने आमजन से दोस्ती करने के लिए पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम शुरू किया है। इस अभियान के तहत लोगों को न सिर्फ जागरूक किया जा रहा है बल्कि उनसे अपील की जा रही है कि कंही कोई घटना घटित हो तो तुरंत पुलिस को उसकी सूचना दें। जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होने वाले एक जागरुक नागरिक की सूचना पर पुलिस ने तीन घंटे में ही आरोपी को दबोच लिया है। जनसंवाद में शामिल होने वाले एक जागरु क नागरिक ने एसीपी और थाना प्रभारी को बताया कि क्रांति क्रपलानी नगर में हुई चोरी के आरोपी को वह जानता है। इस सूचना के बाद पुलिस ने महज तीन घंटे के भीतर ही मकान में लाखों रूपए के जेवर व नगदी चुराने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर उससे माल बरामद कर लिया है।**

एसीपी नंदनी शर्मा ने बताया कि 7 मार्च को क्रांति क्रपलानी नगर में रहने वाली फरियादिया नैना पिता राजकुमार नागपाल के यंहा से अज्ञात बदमाश ढाई लाख रूपए के जेवरात व 25 हजार रूपए नगदी चुरा ले गया था। अन्नपूर्णा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की। इसी दौरान पुलिस को जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए एक नागरिक ने चोर के बारे में एसीपी नंदनी शर्मा और अन्नपूर्णा थाना प्रभारी संजू कामले को बताया कि क्रांति कृपलानी नगर में रहने वाली फरियादिया नैना नागपाल के यंहा चोरी करने वाले बदमाश को वह जानता है। उसकी दी जानकारी के आधार पर आरोपी लक्की उर्फ लखन सिंधी निवासी क्रांति कृपलानी नगर को पकडकऱ पूछताछ की तो उसने चोरी की वारदात स्वीकारी । पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराए गए सोने चांदी के जेवरात,नकदी और मोबाइल बरामद कर लिया है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाला बदमाश सब्जी का ठेला लगाता है उस पर पूर्व में लूट,हत्या के प्रयास सहित कई प्रकरण दर्ज हैं।

# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पी.एम. का पदग्रहण 10 मार्च को

## नए पदाधिकारी लेंगे सेवा की शपथ, नाट्य प्रस्तुति और अभिनंदन भी होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार के वर्ष 2024-25 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास झतारिका हुंडिया एवं सचिवद्वय स्वप्निल-रूचि संचेती एवं नवीन झवर्षा जैन के साथ ही अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी का पदारोहण समारोह 10 मार्च को शाम 7 बजे से रवींद्र नाट्य गृह पर होगा। निवृत्तमान अध्यक्ष बिंदिया-राकेश मेहता, सचिवद्वय राहुल-कविता गिरिया एवं मनीष-संगीता वया ने बताया कि नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मुख्य आतिथ्य और अ.भा. श्वेताम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र संचेती की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी अपना पदभार संभालेगी। कार्यक्रम संयोजक कमलेश झरीता सामोता, शैलेंद्र-रंजना जैन, आशीष-संगीता धारीवाल एवं बिंदिया-राकेश मेहता ने बताया कि इस अवसर पर डॉ. नरेंद्र धाकड़, दिलीप सी. जैन, जयसिंह जैन, दिलीप सिसौदिया एवं राजेन्द्र सुराना विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन, निवृत्तमान अध्यक्ष संजय नाहर, पूर्व अध्यक्ष पीयूष जैन, राजेन्द्र जैन एवं प्रकाश भटेवरा तथा महासचिव सनोज जैन, जिनेश्वर जैन, सीए नरेन्द्र भंडारी तथा मध्यप्रदेश रीजन के चेयरमैन तरुण कीमती भी उपस्थित रहेंगे।

# दो चोर पकड़ाए, लाखों का माल हुआ बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परदेशीपुरा की क्लर्क कालोनी में हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। वारदात को दो बदमाशों ने अंजाम दिया था। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से नगदी सहित अन्य माल बरामद कर लिया है। जब्त माल की कीमत करीब साढे पांच लाख रूपए बताई जा रही है। आरोपियों ने नशे की लत को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम दिया था।**

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि 2 मार्च को फरियादी तनमय पिता कृष्ण चंद शर्मा निवासी क्लर्क कालोनी ने परदेशीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह अपने पत्नी के साथ 1 मार्च को मंदिर दर्शन करने गया था जब घर लौटा तो देखा कि घर का सामान अस्त व्यस्त था । अलमारी में रखे पुराने पुस्तैनी सोने व चांदी के आभूषण व नगदी 1 लाख 20 हजार रूपए गायब थे। परदेशीपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था। टीम गठित करने के साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इस पर पुलिस को सूचना मिली कि क्लर्क कालोनी में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला बदमाश गोरीनगर का रहने वाला प्रतीक सूर्यवंशी है। पुलिस ने प्रतीक सूर्यवंशी की आपराधिक कुंडली चेक की तो उस पर कई अपराध दर्ज होना पाया। इस पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। प्रतीक सूर्यवंशी ने बताया कि उसने अपने साथी चेतन उर्फ छोटू चौधरी निवासी ट्रेजर टाउन शिप बिजलपुर के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों ने मालवा मिल चौराहा से जुपिटर मोटरसायकल भी चुराना कबूल किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए बदमाशों के कब्जे से चोरी किया गया माल बरामद कर लिया है।

# कुबेरेश्वर धाम में 10 लाख भक्त पहुंचे

## पूर्व सीएम शिवराज भी पहुंचे, बोले- दर्शन-पूजन कर मानवता के कल्याण की प्रार्थना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में शिवरात्रि पर देशभर से 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे। सात दिनों रुद्राक्ष महोत्सव और शिव पुराण कथा सुनने श्रद्धालु की ऐसी भीड़ उमड़ी कि रात में ही पंडाल और डोम फुल हो गए। सुबह से शाम तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। जिस कारण पंडाल के बाहर भी खड़े होने की जगह नहीं मिल रही थी।**

विठ्ठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित महारुद्राभिषेक में पूर्व सीएम शिवराज चौहान मंत्री विश्वास सारंग के साथ शामिल हुए। उन्होंने कुबेरेश्वर धाम में पूजा-अर्चना किया। उन्होंने कहा कि महादेव देवो के देव हैं। वे काल के विजेता और त्रिकालदर्शी हैं। उनकी कृपा दृष्टि समस्त संसार पर बरसती रहे। आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। साथ ही दर्शन-पूजन कर मानवता के कल्याण की प्रार्थना की। उनके साथ मंत्री विश्वास सारंग ने भी बाबा के दर्शन किए। कुबेरेश्वर धाम पर मध्य प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान, ओडिशा सहित अन्य प्रदेशों से लोग पहुंचे। राजस्थान से हनुमागढ़ से आए एक श्रद्धालु का कहना है कि वो पहली बार यहां आए हैं उन्होंने अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी थी और अब वो यहां दर्शन करने आए हैं। श्रद्धालु का कहना है कि यहां कि व्यवस्थाएं अच्छी है, उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई।



विदिशा जिले के सिरोंज से आए श्रद्धालु प्रदीप कुमार सेन का कहना है कि वो दो दिन पहले धाम पहुंचे थे ये सोचकर की उन्हें जगह की परेशानी नहीं होगी, पर यहां तो 2 दिन पहले से ही लाखों लोग पहुंच चुके थे। शिवरात्रि पर 10 से 12 लाख लोग यहां आए।

### कंकड़ की पूजा की

कुबेरेश्वर धाम में भगवान शंकर के साथ यहां के कंकड़ की भी श्रद्धालुओं पूजा की। कंकड़ों से मंदिर की आकृति बनाकर वहां पूजा सामग्री से विधि विधान के साथ अपनी मनोकामना की पूर्ति की कामना की।

लोगों ने की ऑटो ड्राइवर की पिटाई

महाशिवरात्रि के मौके पर लाखों भक्तों के कुबेरेश्वर धाम पहुंचने पर कुछ अराजकतत्व भी एक्टिव थे। ऐसे में बाहर से आई श्रद्धालु महिलाओं के स्टेशन के कोने में स्नान करते हुए एक ऑटो चालक ने वीडियो बना लिया था। ऑटो वाले की इस हरकत पर लोगों की नजर पड़ गई। लोगों ने उसे पकड़कर उसकी पिटाई कर उसके ऑटो में तोड़फोड़ कर दी थी। इसके बाद लोगों ने ऑटो चालक को आरपीएफ के हवाले कर दिया।

# हरदा पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट पीड़ितों की भूख हड़ताल खत्म

### → धरना स्थल पर पहुंचे दिग्विजय ने सीएम से की बात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा। हरदा में पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट के पीड़ितों का 16 दिन से चल रहा धरना खत्म हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर आदित्य सिंह ने 16 मार्च तक सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ितों ने भूख हड़ताल खत्म कर दी। हादसे में 13 लोगों की मौत हुई थी।**

शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने वहीं से सीएम मोहन यादव से फोन पर बात की। उन्होंने सीएम से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के मुताबिक पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पीड़ितों की मांग को समय-सीमा में पूरा कर दिया जाएगा। इसके बाद धरना स्थल पर ही भूख हड़ताल पर बैठी अवनि बंसल और परेश नागर को जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म करा दी गई।

### मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 15 लाख

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सर्किट हाउस में कलेक्टर आदित्य सिंह और प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि आदेश के बाद जिला प्रशासन हादसे में मारे गए सभी 13 लोगों के परिजनों को 15-15 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 5-5 लाख और घायलों को 3-3 लाख रुपए मुआवजा देगा।

### क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मिलेंगे 5-5 लाख

जिन परिवारों के मकान हादसे में क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 5-5 लाख रुपए दिए जाएंगे। चाहे आरोपी का मकान नीलाम हो या न हो। सभी पीड़ितों को सरकारी खजाने से मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

# मणप्पुरम गोल्ड बैंक के मैनेजर सहित पांच गिरफ्तार

### फर्जीवाड़ा कर 5.50 करोड़ का गबन किया, सारी रकम सट्टेबाजी में हार गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मणप्पुरम कंपनी में 5.50 करोड़ रुपए का फर्जी गोल्ड लोन मंजूर कर धोखाधड़ी करने वाले मैनेजर और डिप्टी मैनेजर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। पिपलानी पुलिस ने मणप्पुरम गोल्ड लोन कंपनी के एरिया हेड की शिकायत पर मैनेजर, डिप्टी मैनेजर एवं अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। बाद में मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। शुक्रवार को इस मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। बैंक से धोखाधड़ी कर गबन की सारी रकम को आरोपी ऑन लाइन सट्टेबाजी में हार चुका है।

डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि पिपलानी मणप्पुरम गोल्ड लोन ब्रांच के एरिया हेड रामसेवक शर्मा की शिकायत पर पिपलानी पुलिस ने पिछले महीने 26 फरवरी को मैनेजर संजय सैनी और डिप्टी मैनेजर अजय पाल सिंह समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। आरोपियों द्वारा फर्जी तरीके से गोल्ड गिरवी रखकर ग्राहकों को गोल्ड लोन मंजूर किया था। ग्राहकों और सुनारों से सांठगांठ करके मैनेजर और डिप्टी मैनेजर ने कंपनी को 5.50 करोड़ रुपए का चूना लगाया था। मामला उजागर होने के बाद कंपनी ने अपने स्तर पर इसकी जांच की थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 95 ग्राहकों के साथ धोखेबाजी की है।

**ऐसे संपर्क में आए थे आरोपी-** संजय सोनी गौतम नगर में किराए से रहता है। वहीं आरोपी रविशंकर राजपूत भी रहता है। जो सट्टा एजेंट है, वह आलीशान लाइफ जीता है। उसके साथ कई गुर्गे रहते हैं। उसके लाइफ स्टाइल से समय प्रभावित हो गया। दोनों में दोस्ती हुई तो रविशंकर ने उसे सट्टेबाजी से पैसा कमाने की बात कही। उसे ऑन लाइन एप पर सट्टा खेलना सिखाया। शुरूआत में संजय दस बीस हजार तक का सट्टा खेलता था। लत लगने के बाद उसने करोड़ों रुपए के दांव लगाए, इसके लिए उसने अलग-अलग 15 आईडी बना रखी थी।

### एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ

# रीवा में बनाया गया विश्व का सबसे बड़ा नगाड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। रीवा में बनाए गए विश्व के सबसे नगाड़े का नाम आज एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से जज की भूमिका में रीवा पहुंचे एके जैन ने नगाड़े का निरीक्षण करने के बाद वर्ल्ड रिकॉर्ड की मुहर लगा दी है। शिव बारात आयोजन समिति के द्वारा विश्व के सबसे बड़े नगाड़े को आज महाशिवरात्रि की शोभायात्रा में भी शामिल किया गया था।**

एके जैन ने कहा कि 1100 किलो वजन वाले इस नगाड़े को हमने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल कर लिया है। यह नगाड़ा 12 बाय 12 बाय 8 का है। जिसके लिए मैं शिव बारात आयोजन समिति को बहुत बधाई देता हूं। पिछली बार आयोजन समिति ने विश्व की सबसे बड़ी कड़ाई बनाई थी। जिसमें 5100 किलो की खिचड़ी प्रसादी बनाई गई थी। जिसे भी वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था।

मनीष गुप्ता ने बताया कि इस विशाल नगाड़े को 12 मार्च को रीवा से अयोध्या ले जाया जाएगा। जहां इसे राम मंदिर ट्रस्ट अयोध्या को सौंप दिया जाएगा। जिसके लिए 101 गाड़ियों का काफिला रीवा से चलकर अयोध्या पहुंचेगा। नगाड़े का निर्माण कार्य रीवा की वैजू धर्मशाला में किया गया है। जिसे दिल्ली,अलीगढ़,रीवा और प्रयागराज के कारीगरों ने मिलकर बनाया है। जिसे बनाने में 1 महीने से भी अधिक समय लगा है।

## ग्वालियर एसएसपी की पत्नी का बैग चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** एसएसपी राजेश सिंह चंदेल की पत्नी रेनू चंदेल महाकौशल एक्सप्रेस में एसी कोच अ-1 में जबलपुर से ग्वालियर के बीच सफर कर रही थीं। इसी बीच सुबह जब उनकी नींद खुली तो बैग चोरी हो चुका था। घटना ग्वालियर के पास हुई है। एसएसपी की पत्नी ने ग्वालियर जीआरपी थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है। बैग में पानी की बोतल, खाने पीने की सामग्री रखी हुई थी। फिलहाल कोई कीमती सामान रखा होना नहीं बताया गया है।

## श्रद्धालुओं की खंडवा में पिकअप पलटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** इंदौर रोड पर खंडवा के रुस्तमपुर गांव में शुक्रवार सुबह हादसा हो गया। महाराष्ट्र से उज्जैन आ रहे श्रद्धालुओं की पिकअप पलट गई। इसमें चार लोग घायल हुए हैं। घायलों को पंधाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। एक महिला की हालत गंभीर है, जिसे खंडवा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायलों में सागर पिता रामदास (23), आरती बाई पति ताराचंद (55), पूजा पति मनोज (31) हैं। हादसा सुबह 7 बजे हुआ, ड्राइवर ने नींद की झपकी ली, जिससे पिकअप का संतुलन बिगड़ा और वो ओवरब्रिज की वॉल पर लटक गई। श्रद्धालु महाराष्ट्र के अकोला, अमरावती जिले के रहने वाले बताए गए हैं।

## जेठ ने बहू को आग लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**विदिशा।** शुक्रवार को एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर छोटे भाई की पत्नी को आग लगा दी। महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। घटना सिरोंज के ग्राम गरेठा की है। सिरोंज एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि पूजा केवट (25) और उसका पति वीरन अपने घर में खाना बना रहे थे। इस दौरान पूजा का अपने जेठ राजा भैया से विवाद हो गया। नाराज राजा ने पूजा के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। पूजा को सिरोंज अस्पताल लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखकर भोपाल रेफर कर दिया गया। पूजा का जेठ घटना के बाद से फरार हो है।



Assam

# नेशनल पार्क में बिताई रात, सुबह-सुबह हाथी की सवारी; काजीरंगा की सैर पर निकले PM मोदी

**काजीरंगा, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार तड़के सुबह असम के काजीरंगा नेशनल पार्क एवं टाइगर रिजर्व में हाथी और जीप सफारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले पार्क के 'सेंट्रल कोहोरा रेंज' के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की और उसके बाद उसी रेंज के अंदर जीप सफारी की।

उनके साथ उद्यान निदेशक सोनाली घोष और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी भी थे। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम को काजीरंगा पहुंचे थे।



असम पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने काजीरंगा नेशनल पार्क में 'सेंट्रल कोहोरा रेंज' के पास पुलिस अतिथि गृह में रात बताई। इसके बाद सुबह-सुबह पार्क के दौरे पर निकले। पीएम मोदी वहां करीब दो घंटे रहे। बता दें कि पीएम मोदी का आज दोपहर में जोरहाट में प्रसिद्ध अहोम जनरल लाचित बरफुकन की 125 फीट ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ वेलोर' का उद्घाटन करने का भी कार्यक्रम है। मोदी दोपहर में जोरहाट लौटेंगे और महान अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (बहादुरी की प्रतिमा) का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मोदी जोरहाट के मेलेंग मेतेली पोथार जाएंगे, जहां वह लगभग 18,000 करोड़ रुपये की केंद्रीय और राज्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

Uttarpradesh

→पेट दर्द, उल्टी और पहुंच गए अस्पताल...

## Noida के हॉस्टल में खाना खाने के बाद 100 से ज्यादा छात्रों को Food Poisoning

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा में खराब खाना खाने से 100 से ज्यादा छात्र फूड पॉइजनिंग (Food Poisoning) का शिकार हो गए. सभी को हॉस्टल के मेस में खाना परोसा गया था. खाना खाते ही छात्रों का पेट दर्द करने लगा और उल्टियां होने लगीं. इस घटना से हॉस्टल में अफरा-तफरी मच गई. आनन-फान छात्रों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है.

जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित आर्यन रेजीडेंसी और लॉयड हॉस्टल का है. जहां रहने वाले 100 से ज्यादा अलग-अलग कॉलेजों के छात्र खाना खाने के बाद बीमार पड़ गए. उन्हें पेट दर्द और उल्टियां होना शुरू हो गईं. हालत बिगड़ते देख हॉस्टल संचालक घबरा गए. जिसके बाद बीमार पड़े छात्रों को अस्पताल पहुंचाने का काम शुरू किया गया. कई छात्र तो खुद से ही अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका इलाज चल रहा है.

छात्रों ने हॉस्टल संचालक पर खराब खाना परोसने का आरोप लगाया है. पुलिस से भी शिकायत की गई गई. जिसपर पुलिस ने बताया कि प्रकरण थाना नॉलेज पार्क पुलिस के संज्ञान में है. 8 मार्च की शाम छात्रों को भोजन खाया गया था, जिससे छात्रों का पेट खराब हो गया.

फौरन उन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया है. फिलहाल, सभी छात्रों की हालत ठीक है. साथ ही शांति-व्यवस्था कायम है. मामले में थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है.

Bihar

## पटना में 12 साल के बच्चे की गला रेतकर हत्या, खेत में फेंका शव

वारदात से दहला इलाका

**पटना, (एजेंसी) पटना के धनरुआ थाना इलाके में 12 साल के बच्चे की गला रेतकर हत्या कर दी गई. वारदात के बाद शव को गेहूं के खेत में फेंककर आरोपी फरार हो गए. इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. पुलिस ने खेत से बच्चे का शव बरामद किया है. इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है.**

जानकारी के अनुसार, मृतक बच्चे का नाम कुणाल कुमार है, जो पटना के गोपालपुर थाना के गोसाई मठ का रहने वाला है. कुणाल 6 मार्च से लापता था. कुणाल के पिता अरुण कुमार ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी. इसके बाद 8 मार्च की शाम पटना के धनरूआ थाना इलाके के गेहूं के खेत में उसका शव मिला.

Bihar

## लालू के करीबी RJD नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर ED का छापा, कई जगह रेड, रेत माफिया से जुड़ा मामला

**पटना, (एजेंसी)** राजद सुप्रीमो लालू यादव के करीबी और वरिष्ठ आरजेडी नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर आज ईडी की पटना टीम ने रेड की है। उनके कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि रेत माफिया के जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई चल रही है। बीते कई घंटों से ED की कार्रवाई जारी है।

आपको बता दें इससे पहले भी सुभाष यादव के ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड पड़ी थी। आईटी टीम ने साल 2018 में पटना, दिल्ली और धनबाद में ये कार्रवाई की थी। 2019 के लोकसभा में सुभाष यादव ने झारखंड के चतरा से राजद प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था।

लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि लालू यादव के परिवार से सुभाष का कोई पारिवारिक रिश्ता नहीं है। लेकिन वो लालू के करीबियों में एक हैं। आपको बता दें सुभाष यादव के खिलाफ पटना के ही तमाम थानों में एक दर्जन से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें ज्यादातर अवैध बालू खनन से जुड़े हुए हैं। और कुछ आपराधिक मुकदमे भी हैं।

इससे पहले शुक्रवार को लालू यादव की पार्टी आरजेडी के एमएलसी विनोद जायसवाल के पटना स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। कोलकाता से आई IT टीम ने शराब फैक्ट्री की जांच मामले में ये कार्रवाई की है। जिसमें टैक्स चोरी की बात सामने आ रही है। और अब राजद नेता सुभाष यादव के ठिकानों पर

खेल

फ्रेंच ओपन में पीवी सिंधु का कमाल

# अमेरिका की बेइवेन को हराकर की क्वॉर्टर फाइनल में एंट्री

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पेरिस में जारी फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल क्वॉर्टरफाइनल में एंट्री कर ली। गुरुवार को अमेरिका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में उन्होंने बेइवेन झांग को मात दी जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सफर समाप्त हो गया।

घुटने की चोट से वापसी के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट खेल रही शटलर सिंधु ने पहले खेल में पिछड़ने के बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झांग को 13-21 21-10 21-14 से पराजित किया। इस जीत के साथ उन्होंने पहले क्वॉर्टरफाइनल में एंट्री कर ली।

### इस खिलाड़ी से होगा सिंधु का सामना

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु का सामना चीन की चन यु फेई और डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफरर्सन के बीच होने वाले




मुकाबले की विजेता से होगा। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के चोउ टिएन चेन को हराया था। हालांकि, 16वें राउंड में चीन के गुआंग जू से 78 मिनट में उन्हें करारी शिकस्त मिली। चोउ टिएन चेन ने उन्हें 21-19 12-21 20-22 से हराया।

**क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने के बाद सिंधु ने क्या कहा?**- 'भले ही मैं पहला गेम हार गई थी लेकिन मैंने उम्मीद नहीं खोई और मैं संघर्ष करती रही। दूसरे और तीसरे गेम में, मैंने अपनी गलतियों पर नियंत्रण रखा और शटल को कोर्ट में बनाए रखा। सबसे ज्यादा मायने रखता है तो अच्छा प्रदर्शन करना, चाहे वह खेल के अंत में हो या ओलंपिक जैसे टूर्नामेंट में।'

सिनेमा

## एल्विश यादव के खिलाफ गुरुग्राम में FIR दर्ज, एक अन्य यूट्यूबर से की थी मारपीट



मारपीट के मामले में एल्विश यादव के खिलाफ गुरुग्राम के सेक्टर 53 में एफआईआर दर्ज हो गई है। एल्विश ने एक अन्य यूट्यूबर मैक्सटर्न के साथ मारपीट की थी। उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 149, 323 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज की गई। मैक्सटर्न ने सोशल मीडिया पर अपना वीडियो शेयर किया जहां वह बता रहे हैं कि एल्विश ने उन्हें मारा है और जान से मारने की धमकी भी दी है। इस वीडियो में दिख रहा है कि एल्विश कई लोगों के साथ आते हैं और फिर सामने वाले शख्स यानी कि मैक्सटर्न को मारते हैं। एल्विश दरवाजा खोलकर आते हैं और मैक्सटर्न बोलते हैं कि आओ बैठो। एल्विश कहते हैं मैं हाथ मिलाने नहीं आया हूं, सीधा मारने आया हूं और फिर एल्विश खूब चांटे मारने लगते हैं। इसके बाद हाथा-पाई बहुत बढ़ जाती है। एल्विश की टी शर्ट तक फट जाती है।वीडियो के एंड में आप देखेंगे कि एल्विश बोलते हैं कि अब बना वीडियो और सॉरी बोल। मैक्सटर्न हालांकि सॉरी बोलने से मना कर देते हैं।बता दें कि इससे पहले मैक्सटर्न ने एल्विश और मुनव्वर फारूकी का वीडियो शेयर कर उन्हें दोगुला कहा था। इस पर एल्विश ने उन्हें ट्वीट भी किया था कि भाई तू दिल्ली में रहता है सोचा याद दिला दूं। इसके बाद दोनों ने मिलने का डिसाइड किया और फिर बीती रात दोनों के बीच मामला बिगड़ गया।

## संपादकीय

# काबू पाने की जरूरत

इंटरनेट के फैलते दायरे के साथ-साथ इसे ठगी का जरिया बनाने वालों ने जिस तरह लोगों को अपनी कारगुजारियों का शिकार बनाना शुरू कर दिया है, उससे नई तरह की जटिलता खड़ी हो रही है। गुरुवार को आई एक खबर के मुताबिक नोएडा में पुलिस ने एक काल सेंटर का भंडाफोड़ किया और उसके उन चौदह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने विदेशी नागरिकों से करोड़ों रुपए ठग लिए थे। अच्छे-खासे संसाधनों और आधुनिक तकनीकों के साथ काल सेंटर के रूप में संगठित रूप से यह कारोबार चलाने वाले ये लोग दरअसल अमेरिका और अन्य देशों में रहने वाले लोगों को अपने झांसे में लेकर उनके कंप्यूटर में वायरस डाल देते थे और इसके बाद उसे ठीक करने के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। माना जाता है कि इंटरनेट पर होने वाली गतिविधियां आमतौर पर पारदर्शी होती हैं और इस पर अवांछित वसूली करना मुश्किल हो सकता है। मगर इस तरह का फर्जीवाड़ा करने वाले आपराधिक तत्त्व गलत तरीके से पहले अमेरिका या अन्य देशों में रहने वाले लोगों से संबंधित ब्योरा या उनका डेटा हासिल करते हैं। फिर उन्हें आर्थिक अपराधों के जाल में फंसने का डर दिखा कर, कभी कंप्यूटर में वायरस डाल कर या फिर लुभावने आर्थिक प्रस्तावों के जरिए अपनी बातों में फंसाते हैं। इसके बाद मुश्किल से बचाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। अकेले नोएडा में ऐसे कई मामले पकड़े जा चुके हैं। उम्मीद यही की गई थी कि आनलाइन माध्यम से होने वाले कामकाज से पारदर्शिता आएगी और इसके सहारे आर्थिक अपराधों को रोका जा सकेगा। मगर अलग-अलग तरीके से खड़े किए गए आनलाइन कारोबार में आए दिन जिस तरह ठगी की घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे यही लगता है कि धोखाधड़ी करने वालों ने इस माध्यम में भी अपनी घुसपैठ कर ली है और नए-नए तरीकों से धोखा देकर लोगों से आर्थिक लूट में लिप्त हो गए हैं। यों पुलिस महकमे के साइबर अपराध शाखाओं की ओर से ऐसे तत्त्वों पर लगाम कसने की कोशिश की जाती है, मगर फर्जी काल सेंटर के जरिए धोखाधड़ी के फैलते संजाल पर काबू पाना मुश्किल साबित हो रहा है।




# दूसरी नौकरी

शेखचिल्ली का काम में मन नहीं लगता था। ऐसे में सही से काम न करने की वजह से शेखचिल्ली के मालिक ने उसे नौकरी से हटा दिया। नौकरी जाने के कारण शेखचिल्ली बहुत दुखी था। अब उसे दूसरी नौकरी चाहिए थी, इसलिए वह दूसरी नौकरी की तलाश करने लगा। नौकरी की तलाश करते-करते एक दिन वह एक सेठ के पास पहुंच गया। उसने सेठ से नौकरी मांगते हुए कहा कि मैं बहुत गरीब हूं। मेरे पास जेब खर्च के भी पैसे नहीं हैं, इसलिए कोई भी काम मुझे चलेगा। बस आप मुझे नौकरी पर रख लें।

वह सेठ बहुत चालाक था, इसलिए वह शेखचिल्ली को नौकरी पर रखने के लिए राजी हो गया। ऐसा करते हुए उसने अपनी एक शर्त भी रखी। उसने शेखचिल्ली से कहा कि मैं तुम्हें नौकरी पर रख लूंगा, लेकिन उसके लिए तुम्हें एक इकरारनामा लिखकर देना होगा। इकरारनामे में यह लिखा जाएगा कि अगर तुम अपने मन से नौकरी छोड़ने की बात करोगे, तो मैं तुम्हारी नाक और कान कटवा दूंगा।

शेखचिल्ली राजी हो गया, लेकिन उसने भी अपनी एक शर्त इकरारनामे में लिखवाने को कही। शर्त यह थी कि अगर सेठ खुद से शेखचिल्ली को नौकरी से निकालेगा, तो शेखचिल्ली उसके नाक और कान कटवा देगा। थोड़ा सोचने-विचारने के बाद सेठ भी शेखचिल्ली की बात पर राजी हो गया।

दोनों के राजी होने के बाद एक इकरारनामा तैयार कराया गया और उसपर दोनों के हस्ताक्षर ले लिए गए, ताकि भविष्य में कोई अपनी बात से न पलट सके। इसके बाद शेखचिल्ली सोने के लिए चला गया।

अगले दिन जब शेखचिल्ली उठा तो उसने देखा कि उसकी दाढ़ी और बाल बहुत बढ़ गए हैं। यह देख उसने दाढ़ी और बाल बनाने की सोची और चूना पानी में पीसकर डाल दिया।

तभी सेठ वहां आया और उस चूने वाले पानी से अपना मुंह धो लिया और सेठ की पत्नी ने भी उससे अपने बालों को धो लिया। नतीजा यह हुआ कि इससे सेठ जी के चेहरे पर खुजली और जलन होने लगी। उसकी पत्नी के भी सारे बाल गिर गए। यह देख सेठ बहुत नाराज हुआ। उसने शेखचिल्ली को डांटते पूछा, "यह क्या है?"

इस पर शेखचिल्ली ने जवाब देते हुए कहा कि मैंने तो इकरारनामे के खिलाफ कोई भी काम नहीं किया है, तो फिर आप मुझ पर क्यों चिल्ला रहे हैं। शेखचिल्ली के इस जवाब पर सेठ शांत हो गया और आगे कुछ नहीं कहा।

अगले दिन शेखचिल्ली नें एक बैग लेकर उसमें पत्थर भर दिए और उसे सेठ के ऑफिस में जाकर रख दिया। यह बैग बिलकुल वैसा ही था, जिसमें सेठ अपनी जरूरी किताबें रखा करता था। जब सेठ ने वो बैग खोला, तो वो उसे देखकर दंग रह गए। बैग में किताबों की जगह पत्थर भरे हुए थे। यह देखकर सेठ के ऑफिस के लोग भी हंसने लगे। इस बात से सेठ को शर्मिंदगी हुई। अब उन्हें यह अंदाजा हो गया था कि जिसे उन्होंने नौकरी पर रखा है, वह चालाक और तेज दिमाग वाला है और वह उनके इकरारनामे वाली योजना का जवाब इस तरह से दे रहा है।

इकरारनामे के मुताबिक, शेखचिल्ली को हर रोज घोड़े को चराकर भी लाना था। एक दिन जब शेखचिल्ली घोड़े को चराने लेकर गया, तो वह खुद एक जगह पर सो गया और घोड़े को अकेले ही चरने के लिए छोड़ दिया। रात को जब शेखचिल्ली सेठ के घर वापस आ रहा था, तो उसे रास्ते में एक सौदागर मिला।

सौदागर ने शेखचिल्ली से घोड़े को बेचने के लिए कहा। शेखचिल्ली और सौदागर के बीच 40 रुपये में सौदा तय हुआ। इस पर शेखचिल्ली ने सौदागर से पैसे लेकर घोड़ा उसे दे दिया, लेकिन घोड़े की पूंछ कट ली।

सौदागर को घोड़ा बेचने के बाद रुपये और घोड़े की कटी हुई पूंछ लेकर शेखचिल्ली सेठ के पास पहुंचा। सेठ के पास पहुंचते ही शेखचिल्ली जोर-जोर से चिल्लाने लगा। सेठ ने जब उसके रोने और चिल्लाने की वजह पूछी, तो शेखचिल्ली ने घोड़े की पूंछ दिखाते हुए कहा, "एक चूहा घोड़े को अपने बिल में खींच ले गया। घोड़े को बचाते हुए बस उसकी यह पूछ मेरे हाथ में रह गई।"

इस बात पर सेठ को गुस्सा तो बहुत आया, लेकिन वो शेख को कुछ नहीं कह पाए। वजह यह थी कि इकरारनामे के मुताबिक, अगर वह शेखचिल्ली को नौकरी से निकालता, तो उन्हें शेखचिल्ली से अपनी नाक-कान कटवानी पड़ती।

इकरारनामे में इस बात का भी जिक्र था कि शेखचिल्ली हर रोज सेठ के घर में जलाने के लिए लकड़ी लेकर आएगा। ऐसे में तय हुए काम के अनुसार, जब शेखचिल्ली लकड़ी लेकर तो आया, लेकिन उसने घर में रखी और लकड़ियों को भी आग लगा दी।

इस दौरान सेठ मंदिर गया था। जब वो वापस आया, तो जला हुआ घर देखकर वो काफी दुखी हो गया। उन्होंने शेखचिल्ली से कहा, "तुमने घर में आग क्यों लगाई? अब मैं तुम्हें नौकरी पर नहीं रखेंगे।"

सेठ की इस बात पर शेखचिल्ली ने उन्हें इकरारनामे की याद दिलाई। सेठ ने तंग आकर अपनी पत्नी से कहा कि इस नौकर ने तो परेशान कर दिया है और मैं चाहकर भी इससे पीछा नहीं छुड़ा पा रहा हूं।

सेठ की परेशानी देखकर उसकी पत्नी सुझाव देती है कि मैं अपने मायके जाने की तैयारी करती हूं। आप मुझे छोड़ने जाने के बहाने मेरे से साथ एक बक्से में सारा समान भरकर यहां से निकल चलिए। फिर हम यहां दोबारा लौटकर नहीं आएंगे और आपको इस नौकर से छुटकारा मिल जाएगा।

जब सेठ और उसकी पत्नी यह बातें कर रहे थे, तो शेखचिल्ली छिपकर उन दोनों की बातें सुन रहा था। वह पहले से ही जाकर उस बक्से में बैठ गया, जिसे सेठ अपने साथ ले जाने वाला था। सुबह होते ही सेठ और उसकी पत्नी बक्सा उठाकर चुपचाप घर से निकल जाते हैं।

घर से निकल कर सेठ सोचते है कि उनका शेखचिल्ली से पीछा छूट गया। तभी शेखचिल्ली को बक्से में बैठे-बैठे पेशाब आ गई और उसने संदूक में ही पेशाब कर दिया। सेठ को लगा कि संदूक के अंदर जो हलवा रखा है, शायद ये उसका घी निकल रहा है।

जब सेठ ने संदूक उतारकर जमीन पर रखा, तो शेखचिल्ली झट से संदूक से बहार निकल आया। उसने सेठ से कहा कि मैं आपका पीछा तब तक नहीं छोड़ूंगा, जब तक मैं इकरारनामे के अनुसार आपके नाक और कान काट नहीं लेता।

शेखचिल्ली के सामने आने पर सेठ ने शेखचिल्ली से संदूक उठाकर चलने को कहा। शेखचिल्ली ने इसके लिए साफ मना कर दिया। शेख के मना करने पर बेचारे सेठ खुद ही संदूक उठाकर चलने लगे।

जब ससुराल कुछ दूर रह गया, तो सेठ ने शेखचिल्ली से कहा कि जाओ और ससुराल वालों से कह दो कि मैं आया हूं और कुछ दूरी पर बैठा हूं। कोई आकर मुझे यहां से ले जाए।

शेखचिल्ली ने सेठ जी की बात मानते हुए ससुराल जाकर कहा, "सेठ जी बीमार हैं और वो काफी मुश्किल के साथ यहां तक आए हैं। वह यहां से कुछ ही दूरी पर बैठे हैं। कोई जाकर उन्हें ले आओ।"

इस तरह सेठ जैसे-तैसे अपनी ससुराल पहुंच गया। ससुराल में जब खाने का वक्त आया, तो सेठ के सामने बिना तड़के वाली दाल रखी गई। वहीं, शेखचिल्ली को अच्छे पकवान परोसे गए।

इसके बाद रात को सेठ को जब पाखाना लगा तो सेठ जी से शेखचिल्ली ने कहा कि इतनी रात को कहां जाएंगे यहीं जो हांडी रखी है, उसमें पाखाना कर लीजिए। सेठ जी ने शेखचिल्ली की बात मानी और ठीक वैसा ही किया।

सुबह जब सेठ ने शेखचिल्ली को वह हांडी फेंकने को कहा तो शेखचिल्ली ने मना कर दिया। लाचार सेठ खुद ही वो हांडी उठाकर फेंकने चल दिया, लेकिन जैसे ही वो घर की चौखट पर पहुंचा, ठोकर लगने से हांडी छूटकर नीचे गिर गई और आस-पास मौजूद सभी लोगों पर पाखाने के छींटे पड़ गए। इस पर सभी लोग सेठ से दूर होकर थू-थू करते हुए भागे।

### कहानी से सीख

शेखचिल्ली की दूसरी नौकरी कहानी से सीख मिलती है कि अधिक चतुराई कभी-कभी खुद पर भारी पड़ जाती है।

## Highlights

1. **Union govt rejects Kerala's demand to borrow ₹19,370 crore more**
2. **Big change related to your EPF account, circular also issued**
3. **Tragic End: UP Constable Shoots Himself, Dies**
4. **Theft accused Kerala men shed light on human sacrifice**
5. **4 injured as part of under-construction college collapses in Guj**
6. **Bank employees to get 17% salary hike; IBA, unions sign final pact**
7. **Meghalaya CM lauds district police for successful drug bust**

# Why Nvidia shares are cooling off and will it lead to a stock split?

**NEW DEIHI, (Agency).** Nvidia shares fell an unexpected 5.5 per cent on Friday. This was the steepest decline since May. The dip comes after shares of the poster child of the artificial intelligence surging 77 per cent so far this year. The price grew by triple-digits last year.

Nvidia market value was erased by around $130 billion on Friday. This marks one of the biggest single-day losses of a single stock in US market history.

Despite the setback, Nvidia's strong performance in 2024 positions it well above its last stock split level, sparking speculation about another split.

The company's stock surge is driven by optimism about the demand for its AI computing chips and has made it the third-largest company in the S&P 500, after Microsoft Corp. and Apple Inc.

ALSO READ- Nvidia CEO



thinks AI would kill coding, says 'everybody is now a programmer'

Why Nvidia shares cooled?

On Friday, the S&P 500 and Nasdaq retraced from earlier record highs, influenced by a downturn in high-performing chip stocks. The mixed labour market report, revealing more new jobs than anticipated but accompanied by a rising unemployment rate, added to the market's uncertainty.

Nvidia shares faced a decline amidst broader tech pressure, with the Nasdaq 100 dropping 1.5 per cent, breaking the chip darling's six-day winning streak.

The overall sentiment on Wall Street suggested concerns about an overbought market, fuelled by a nearly 35 per cent surge in the S&P 500 since the beginning of last year. Analysts, including Bank of America Corp.'s Michael Hartnett, express caution, saying "abnormal gains" in "abnormal times," leading to stretched positioning and expectations for a potential rate cut.

# Sudha Murty's 0.83% stake in Infosys is worth nearly ₹5,600 crore

**NEW DEIHI, (Agency).** Philanthropist and businesswoman Sudha Murty, who was nominated to the Rajya Sabha by President Droupadi Murmu on Friday, holds less than 1 percent stake in IT giant Infosys, yet her shares are valued at thousands of crores, a recent company filing revealed.

Sudha Murty, who is the chairperson of Infosys Foundation, holds a total of 0.83 percent stake in Infosys, the IT company founded by her husband Narayana Murthy. According to the current share price of the company, her stake in Infosys is valued at nearly ₹5,600



crore.

According to the latest shareholding filed by Infosys with the BSE, she holds 3.45 crore shares of the company. At the last closing price of ₹1,616.95 on the BSE, Murty's holding in Infosys is currently worth ₹5,586.66 crore. Her husband Narayana Murthy owns 1.66 crore equity shares that are worth ₹2,691 crore.

Sudha Murty is the founder of the Murty Trust, and is known for her contributions towards education. She was awarded the Padma Shri in 2006 and Padma Bhushan in January 2024, and is the mother-in-law of UK Prime Minister Rishi Sunak.

The current market cap of Infosys is over ₹6.69 trillion, holding the title of the second largest IT company in India. The largest IT firm in the country is Tata Consultancy Services (TCS), with a market cap of ₹14.6 trillion.

Confidential Investigation & all type of Detective services

Successful Journey
Since 2002...

प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...

कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!

DETECTIVE GROUP ®

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

+91-9111050101
+91-9111050101
+91-9111050101

"संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं"

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक